# रक्षाबंधन पर घर-घर में बंधा 'प्यार का बंधन'

सिवनी नवभारत। रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को जिलेभर में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी। मिठाई खिलाने के बाद भाइयों ने बहनों को उपहार दिए। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी परिवारों में पर्व को लेकर उत्साह रहा। विवाह के बाद दूसरे शहरों में रहने वाली कई बहनें मायके पहुंचीं, जबकि कुछ भाई अपनी बहनों के घर गए। इस वजह से लंबे समय बाद परिवारों के एक साथ जुटने का अवसर भी बना।

रक्षाबंधन के लिए कई बहनें एक-दो दिन पहले ही मायके पहुंच गई थीं। शुक्रवार को सुबह से ही घरों में राखी बांधने की रस्म शुरू हो गई। परिवार के सदस्य एकत्र हुए और बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती की। इसके बाद राखी बांधकर मिठाई खिलाई गई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति स्नेह जताया। जिन परिवारों में भाई या बहन दूसरे शहर में रहते हैं, वहां त्योहार के लिए विशेष रूप से आने-जाने की व्यवस्था की गई। इससे घरों में दिनभर मेहमानों की आवाजाही बनी रही। बच्चों ने भी नए कपड़े पहनकर त्योहार में हिस्सा लिया और परिवार के बड़े सदस्यों के साथ राखी की रस्म निभाई।





### पूजा और पारंपरिक रस्मों के साथ मनाया पर्व

राखी बांधने से पहले घरों में पूजा की थाली तैयार की गई। रोली, अक्षत, दीप और मिठाई रखकर विधि-विधान से पूजा की गई। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और रक्षा सूत्र बांधा। कई परिवारों में इसके बाद भगवान की पूजा की गई और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया गया। रक्षाबंधन के अवसर पर घरों में पारंपरिक पकवान भी बनाए गए। भाई-बहनों ने साथ बैठकर भोजन किया। जिन परिवारों में रिश्तेदार पहुंचे थे, वहां दोपहर और शाम तक मिलना-जुलना चलता रहा। पर्व की रस्मों के साथ परिवार के सदस्यों को एक साथ समय बिताने का अवसर मिला। राखी बांधने के बाद उपहार देने की परंपरा भी निभाई गई। भाइयों ने बहनों की पसंद और जरूरत के अनुसार कपड़े, घड़ी, सौंदर्य सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और अन्य सामान दिए। कई बहनों ने भी भाइयों के लिए उपहार खरीदे। बच्चों में राखी के साथ मिलने वाले उपहार को लेकर विशेष उत्साह रहा।

मिठाई खिलाकर पर्व की रस्म पूरी की गई। कुछ परिवारों ने घर पर मिठाई और पकवान बनाए, जबकि कई लोगों ने बाहर से मिठाई मंगाई। मेहमानों और रिश्तेदारों के लिए भी घरों में भोजन की व्यवस्था की गई।

## रक्षाबंधन पर बहनों ने भाई मानविक को बांधी राखी



सिवनी नवभारत। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नन्हे भाई-बहनों के बीच प्रेम और स्नेह का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर सृष्टि नागेश और अधीरा राकेशिया ने अपने भाई मानविक राकेशिया की कलाई पर राखी बांधकर भाई की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना की। भाई मानविक ने भी अपनी बहनों को हमेशा साथ और प्यार देने का संकल्प लिया। नन्हे भाई-बहनों की इस प्यारी तस्वीर ने रक्षाबंधन की खुशियों को और भी खास बना दिया।

### बदलते समय में कायम है रक्षाबंधन की परंपरा

रक्षाबंधन के आयोजन का तरीका समय के साथ बदला है, लेकिन पर्व की मुख्य रस्म आज भी उसी तरह निभाई जा रही है। अब भाई-बहन अलग-अलग शहरों में रहने के बावजूद त्योहार से जुड़े रहते हैं। ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल माध्यम ने दूरी कम की है, लेकिन घर जाकर राखी बांधने की परंपरा का महत्व बना हुआ है। परिवार के साथ भोजन करना, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना और एक-दूसरे को उपहार देना आज भी पर्व के प्रमुख हिस्से हैं। रक्षाबंधन के बहाने परिवार के वे सदस्य भी एक साथ आए जो सामान्य दिनों में कामकाज और दूसरी जिम्मेदारियों के कारण मिल नहीं पाते। भाई की कलाई पर बंधी राखी के साथ बहन ने अपने रिश्ते की परंपरा निभाई और भाई ने भी उसके प्रति जिम्मेदारी जताई।

### दूर रहने वालों ने वीडियो कॉल से मनाया पर्व

ऐसे भाई-बहन जो दूरी या अन्य कारणों से एक-दूसरे के पास नहीं पहुंच सके, उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कई परिवारों में मोबाइल पर ही राखी बांधने की रस्म एक-दूसरे को दिखाकर पूरी की गई। कुछ लोगों ने राखी और उपहार पहले ही भेज दिए थे। विदेश या दूसरे राज्यों में रहने वाले भाई-बहनों के लिए डिजिटल माध्यम संपर्क का जरिया बना। हालांकि जिन परिवारों में प्रत्यक्ष मुलाकात संभव हुई, वहां साथ बैठकर पर्व मनाने को प्राथमिकता दी गई।

# चंदनवाड़ा खुर्द में राशन वितरण को लेकर आरोप

**त्योहारों के लिए दो माह का राशन आवंटित होने के बावजूद पूरा राशन नहीं मिलने का आरोप, ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन और कलेक्टर से की शिकायत**



सिवनी नवभारत। ग्राम पंचायत चंदनवाड़ा खुर्द के सम्मिलित ग्राम पुगाड़ के हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य की राशन व्यवस्था के तहत निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरित किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने स्व-सहायता समूह संचालक जय श्री राम समूह, मेहरा पिपरिया के संचालक निलेश सोनी पर हितग्राहियों को आधा राशन दिए जाने तथा शेष राशन के संबंध में गंभीर अनियमितता के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार आगामी त्योहारों को देखते हुए शासन द्वारा अगस्त एवं सितंबर माह का राशन हितग्राहियों को वितरित करने के लिए उपलब्ध कराया गया है। आरोप है कि राशन वितरण के दौरान हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा का पूरा राशन देने के बजाय कथित रूप से आधा राशन ही दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शेष राशन की स्थिति स्पष्ट नहीं है और उन्हें आशंका है कि बड़ी मात्रा में राशन का हिसाब-किताब सामने नहीं आया है।शिकायत के बाद भी कार्रवाई का इंतजारइस मामले को लेकर ग्रामवासियों द्वारा कुछ दिन पूर्व सीएम हेल्पलाइन सहित कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि शिकायत किए जाने के बावजूद आज दिनांक तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित राशन वितरण केंद्र के स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, पीओएस मशीन में दर्ज वितरण, समूह को प्राप्त राशन की मात्रा तथा हितग्राहियों को किए गए वास्तविक वितरण की जांच कराई जाए। साथ ही मौके पर भौतिक सत्यापन कर यह स्पष्ट किया जाए कि अगस्त और सितंबर माह के लिए आवंटित राशन की कितनी मात्रा प्राप्त हुई और उसमें से कितनी मात्रा हितग्राहियों को वितरित की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि त्योहारों के समय शासन द्वारा दो माह का राशन उपलब्ध कराए जाने का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को राहत देना है। ऐसे में यदि हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है तो यह गंभीर विषय है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

सिवनी नवभारत। जनविश्वास अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने मोबाइल फोन, बैंकिंग एवं ऑनलाइन लेन-देन के दौरान सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

## निजी स्कूलों की 10 सूत्रीय मांगों पर आंदोलन की रणनीति बनेगी, बैठक 30 को

सिवनी नवभारत। निजी स्कूलों से जुड़ी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अब प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। मध्यप्रदेश प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच की 25 अगस्त को हुई ऑनलाइन बैठक में आंदोलन की रणनीति तैयार करने का निर्णय लिया गया। मंच द्वारा 5 अगस्त को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल को ज्ञापन भेजकर 25 अगस्त तक मांगों के निराकरण की मांग की गई थी। निर्धारित समय तक शासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद अब आंदोलन की आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसी सिलसिले में 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे आशीर्वाद पैलेस, ज्यारत नाका के पास सिवनी में जिला स्तरीय बैठक रखी गई है। बैठक में आंदोलन की रणनीति, संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। बैठक में सिवनी जिले के सभी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, निजी विद्यालय संचालक संगठनों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। संगठन ने सभी से निजी स्कूलों के हित में एकजुट होकर बैठक में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर में

### भगवान बलराम जन्मोत्सव पर 2 सितंबर को रक्तदान शिविर

सिवनी। भगवान बलराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में युवा इकाई अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा जिला सिवनी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 2 सितंबर 2026, बुधवार को प्रातः 10 बजे से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा पलारी में आयोजित होगा। आयोजकों ने क्षेत्रीय बंधुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने तथा अपने साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और किसी व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक हो सकता है।

### एसआइ की बेटी निशु जायसवाल खेल अधिकारी पद में चयनित

सिवनी। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से जिले के कुरई थाना क्षेत्र में पदस्थ एसआइ अजय कुमार जायसवाल की बेटी निशु जायसवाल का खेल अधिकारी के पद पर हुआ है। निशु की इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ पुलिस विभाग हर्ष है। मूलतः छिंदवाड़ा निवासी जायसवाल वर्तमान में कुरई पुलिस थाना में उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) के पद पर पदस्थ हैं। निशु जायसवाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 से प्राप्त की है। बचपन से ही खेलों के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। लक्ष्य पर केंद्रित रहते हुए निशु ने जून 2025 में आयोजित मध्य प्रदेश खेल अधिकारी की कठिन परीक्षा में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।



# नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में सिवनी ने इंदौर को एक गोल से हराया

**हार जीत नहीं खेल महत्वपूर्ण है : प्राचार्य महेश गौतम**



सिवनी नवभारत। राज स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान एस्टौटफ में किया गया। फाइनल मैच का आयोजन 17 वर्षीय खिलाड़ी इंदौर एवं सिवनी की कालपी टीम के मध्य खेला गया जिसमें शिवानी ने इंदौर को 0-1 से हराया। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश गौतम प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष धन्नालाल गौर विधायक प्रतिनिधि मोनू मिश्रा की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर तिथि श्री गौतम ने कहा कि खेल के दौरान ह हार जीत महत्वपूर्ण नहीं होती बल्कि खेल में हमें एक दूसरे खिलाड़ी से सीखने का अवसर मिलता है और हम उन खिलाड़ियों से सीख लेकर अपने खेल में निखार ला सकते हैं बेहतर खिलाड़ी वही होता है जो अपने खेल के साथ-साथ दूसरे खिलाड़ी का भी सम्मान करें और अपने लक्ष्य को लेकर चले तभी उसे सफलता मिलती है।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के जिला अध्यक्ष धन्नालाल गौर ने कहा कि राज्य स्तरीयप्रतियोगिता में 10 संभागों ने शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया किसी भी कार्यक्रम के लिए तैयारी की आवश्यकता होती है जिसमें मेडिकल ऑफिसर से लेकर विभाग के प्रमुख तक की विशेष भूमिका होती है निश्चित ही यहां पर आकर आपको एक नया अनुभव हुआ होगा जो आपको आगे प्रतियोगिताओं में काम आएगा। जिला शिक्षा विभाग की खेल प्रमुख जस्सी थॉमस ने कहा कि इस आयोजन में जनजाति विभाग एवं खेल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है खेल को जीवन बनाने के लिए इस प्रतियोगिता को आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विभाग के देवेंद्र ठाकुर, अनिल राजपूत रशिद कुरैशी, अनुराग तिवारी शैलेंद्र साहू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे आयोजन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित एवं जनजाति विभाग के संचालक रामजी लाल मीणा का मार्गदर्शन मिलता रहा आयोजन में जनजाति विभाग के खेल प्रभारी एफ इक्का, नागेंद्र सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा बाहर से आए लगभग 300 खिलाड़ियों के रहने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या शाला सिवनी, में की गई सभी खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा मोमेंटो एवं स्मृति चंद्र देकर सम्मानित किया गया।

## खेल प्रतिभाओं को मिल रहा अवसर, सिवनी के खिलाड़ी बढ़ा रहे जिले का गौरव



सिवनी नवभारत। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव संजय शर्मा ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाने वाला यह दिवस खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का अवसर है।

सिवनी में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला एथलेटिक्स संघ के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में करीब 70 खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। फुटबॉल स्टेडियम में सेवानिवृत्त सैनिक मनोज यादव द्वारा एथलेटिक्स खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। फरवरी 2026 में मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के सचिव देवेंद्र ठाकुर ने मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जिले का गौरव बढ़ाया।

संजय शर्मा ने कहा कि अभिभावकों और समाज को बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर सिवनी की प्रतिभाएं राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकती हैं।




## विद्यार्थी हुंकार अभियान : कलेक्ट्रेट पहुंचकर मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

सिवनी नवभारत। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला सिवनी द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे विद्यार्थी हुंकार अभियान के अंतर्गत आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के अधिकारों और सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है।

# लखनादौन सबस्टेशन में लगेगा तीसरा पावर ट्रांसफार्मर

**सिवनी की पारेषण व्यवस्था होगी मजबूत, एमपी ट्रांसको एमडी ने किया 132 केवी लखनादौन सबस्टेशन का निरीक्षण**



सिवनी नवभारत। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सिवनी जिले के 132 केवी एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन लखनादौन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबस्टेशन की वोल्टेज प्रोफाइल, विद्युत भार की स्थिति तथा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही विद्युत आवश्यकता की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद एमडी सुनील तिवारी ने लखनादौन सबस्टेशन में एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में यहां दो पावर ट्रांसफार्मर संचालित हैं। तीसरे ट्रांसफार्मर की स्थापना होने के बाद क्षेत्र की पारेषण व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।इसका लाभ लखनादौन तहसील के साथ ही आदिवासी बहुल क्षेत्रों धूमा, आदेगांव, छपारा, कहानी और धनोरा के हजारों घरेलू एवं कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को मिलने की उम्मीद है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित होने से बढ़ते विद्युत भार को संभालने में भी मदद मिलेगी।

### आउटसोर्स कर्मियों से किया से भी किये संवाद

निरीक्षण के दौरान एमडी ने सबस्टेशन की ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों से संवाद कर उनकी कार्य परिस्थितियों और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को विद्युत तंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। ये अधिकारी रहे मौजूद निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता (टेस्टिंग) एम. वाई. मंसूरी, अधीक्षण अभियंता (टेस्टिंग) सिवनी एन. एस. लोधी, कार्यपालन अभियंता अरुण वैध, सहायक अभियंता श्रीमती सीमा डोंगरे सहित एमपी ट्रांसको के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लापरवाही** — अस्पताल में ताला लटके रहने से गरीब पशुपालक होते हैं परेशान, खानापूर्ति के लिए खोला जाता है अस्पताल

# कान्हीवाड़ा पशु चिकित्सालय में लापरवाही, डॉक्टर सिर्फ अटेंडेंस लगाकर गायब





सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोलती एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। यहाँ के कान्हीवाड़ा पशु चिकित्सालय में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं। आलम यह है कि दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से अपने बीमार पशुओं को लेकर आने वाले पशुपालक इलाज के अभाव में भारी परेशानियां झेलने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है।शासकीय नियमानुसार पशु चिकित्सालय के खुलने और बंद होने का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद कान्हीवाड़ा अस्पताल के कर्मचारी अपनी मर्जी के मालिक बने हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, इस अस्पताल में कुल 4 कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनमें डॉक्टर और अन्य अमला शामिल है। इसके बावजूद या तो अस्पताल पर हमेशा ताला लटका रहता है या फिर जिम्मेदार नदारद मिलते हैं।

सूत्रों और जमीनी पड़ताल से यह बड़ा खुलासा हुआ है कि अस्पताल में पदस्थ कर्मचारी महज कागजी खानापूर्ति करने आते हैं।आरोप है कि ये कर्मचारी सुबह अस्पताल पहुंचकर केवल अटेंडेंस रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर करते हैं और इसके बाद गायब हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, पीतांबर इनवाती (V.A.S) सिर्फ अपने हस्ताक्षर करने आते हैं और इसके बाद नदारद हो जाते हैं। वहीं कृष्ण राव पाटिल (A.V.F.O)साहब भी अटेंडेंस लगाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। ग्रामीण इलाकों में पशुओं का प्राइवेट इलाज कर ये लोग गरीब पशुपालकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं, जिसमें कथित तौर पर सरकारी दवाइयों का भी धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकारी तनख्वाह लेने वाले ये जिम्मेदार डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल को अपनी बपौती समझ बैठे हैं। एक तरफ गरीब किसान पशुओं की बीमारी से परेशान है, तो दूसरी तरफ ये लोग प्राइवेट प्रैक्टिस कर जेबें भरने में लगे हैं। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले में क्या कड़ा कदम उठाते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबता रह जाएगा।

### जिम्मेदारों ने साधा मौन

अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल जब इस पूरे गंभीर मामले पर हमारे संवाददाता ने जिले के जिम्मेदार और सक्षम अधिकारियों से उनका पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने कैमरे के सामने आने से साफ इनकार कर दिया और सवालों से बचते नजर आए। इससे साफ जाहिर होता है कि इस अवैध खेल में कहीं न कहीं उच्च अधिकारियों की भी मौन सहमति या शह प्राप्त है, जिसके चलते इन लापरवाह कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं।

## सिंदरिया सहकारी समिति में नए प्रशासक की नियुक्ति, डी .के . डहेरिया को जिम्मेदारी



सिवनी नवभारत। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिंदरिया (मोहगांव) में प्रशासक पद पर बड़ा बदलाव हुआ है। तत्कालीन अशासकीय प्रशासक श्री दिलीप राय द्वारा 25 अगस्त 2026 को स्वेच्छा से त्यागपत्र दिए जाने के बाद सहकारिता विभाग ने संस्था के सुचारू संचालन के लिए श्री डी.के. डहेरिया, उप अंकेक्षक सहकारिता सिवनी को नया प्रशासक नियुक्त किया है।

संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला सिवनी द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि समिति में खाद वितरण, कृषि ऋण वसूली, कर्मचारियों के वेतन आहरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित कई महत्वपूर्ण दैनिक कार्य संचालित होते हैं। प्रशासक के पद रिक्त होने से संस्था के कार्य प्रभावित होने तथा कृषकों एवं सदस्यों को असुविधा की स्थिति को देखते हुए तत्काल नए प्रशासक की नियुक्ति आवश्यक थी।

डी.के. डहेरिया को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से संस्था का संपूर्ण प्रभार निवर्तमान प्रशासक श्री दिलीप राय से प्राप्त कर कार्यभार ग्रहण करें। साथ ही समिति के दैनिक एवं प्रशासनिक कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। प्रशासक नियुक्ति की सूचना संबंधित अधिकारियों के साथ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, गोपालगंज शाखा तथा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंदरिया (मोहगांव) के प्रबंधन को भी भेजी गई है।

### घर के सामने गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा था, 777 ग्राम के साथ गिरफ्तार

सिवनी। कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन रोड, तिलक वार्ड से एक व्यक्ति को 777 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने घर के सामने गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। उसके कब्जे से बरामद गांजे की कीमत 8,547 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 27 अगस्त को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन रोड, तिलक वार्ड में एक व्यक्ति अपने घर के सामने गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान हरे रंग की थैली के अंदर सफेद पन्नी में रखा 777 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक मादक पदार्थ रखने के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।